चयन | जिला स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में किया था शानदार प्रदर्शन

# महिमा व कीर्ति का संभाग की जूडो टीम में चयन



**जबलपुर नवभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी, जबलपुर के मार्गदर्शन एवं नर्मदा नर्सरी तथा वल्लभ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमानताल के संयोजन में आयोजित जिला स्तरीय शालेय बालक एवं बालिका (14, 17 एवं 19 वर्ष) जूडो प्रतियोगिता में पीएम श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंगानगर गढ़ा की प्रतिभावान छात्राओं ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम जिले में गौरवान्वित किया।

विद्यालय के प्राचार्य एसएन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विद्यालय जूडो खेल का शासन द्वारा अधिकृत जिला स्तरीय नोडल केंद्र है, जहां नियमित रूप से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

### छात्राओं ने अपना दबदबा बनाए रखा

उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों, तीव्र प्रतिद्वंद्विता और उच्च तकनीकी दांव-पेचों के बीच पीएम श्री रानी दुर्गावती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंगानगर, गढ़ा की छात्राओं ने अपना दबदबा बनाए रखा और विभिन्न भार वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल कर आगामी संभाग स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया।

### विजेता खिलाड़ियों की सूची

बालिका वर्ग 14 वर्ष के -23 किग्रा में महिमा कोरी, बालिका वर्ग 17 वर्ष के -57 किग्रा में कीर्ति अहिरवार, +70 किग्रा में कोशिका यादव, बालिका वर्ग 19 वर्ष के -36 किग्रा में धानी बर्मन, -63 किग्रा में सपना चौधरी तथा -70 किग्रा में सिमरन बर्मन आदि खिलाड़ी विजेता रहे।

### कोच की मेहनत का मिला फल : प्राचार्य

संस्था के प्राचार्य एसएन श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने बताया कि ये सभी बच्चे जूडो कोच नौशीन अंजुम के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। कोच नौशीन अंजुम की बेहतर रणनीतियों और खिलाड़ियों की मेहनत के बल पर ही बच्चों ने जिला स्तर पर यह सफलता हासिल की है।

### इन्होंने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर जिला जूडो संघ के सचिव व वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान, विद्यालय क्रीड़ा प्रभारी दीपशिखा परोहा एवं समस्त शिक्षकों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# विभिन्न स्कूलों के 100 खिलाड़ी ले रहे भाग

अंतरशालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर नवभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य पीके पालीवाल सांदीपनि विद्यालय अधारताल के संयोजन में हैंडबॉल 14 ,17 ,19 वर्ष बालिका वर्ग की अंतरशालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता 23 जुलाई को आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में शहर की श्री गुरुनानक स्कूल प्रेमनगर, सनातन धर्म स्कूल हाथीतल, सेंट्रल एकेडमी विजयनगर, सांदीपनी विद्यालय अधारताल, एमएलबी स्कूल, स्प्रिंग डे स्कूल, पुष्पांजलि स्कूल, कैंटोनमेंट खालसा, आर्मी पब्लिक स्कूल, विजडम पब्लिक स्कूल, किड्स वर्ल्ड, कैंट खालसा स्कूल से लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य पीके पालीवाल, डीओ ऑफिस ऑब्जर्वर मीनल चैतन्य, चंदा सोनी, हरमिंदर सिंह ढिल्लो, गिरीशकांत मिश्रा, रणजीत कौर, सौरभ यादव, प्रभात शुक्ला द्वारा किया गया।

### आज होंगे बालक वर्ग के मुकाबले

मैच का संचालन पलक चंसौरिया, सुश्री महक जायसवाल, तनवी सतनामी, तनुजा सेन, अंशिका जंघेला, प्राची तिवारी, अनिकेत पासी, हर्ष साहू द्वारा किया गया। 24 जुलाई को बालक वर्ग में 14, 17, 19 वर्ष की प्रतियोगिताएं प्रात: 10 बजे से सांदीपनी विद्यालय अधारताल के खेल प्रांगण में खेली जाएगी।

एक नजर में

## सेवा, सुशासन के 12 साल और कारगिल विजय गाथा पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 25 से

**जबलपुर,।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जिला प्रशासन एवं शासकीय महाकोशल महाविद्यालय के सहयोग से 'सेवा, सुशासन के 12 साल' एवं 'कारगिल विजय गाथा' विषय पर केंद्रित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 25 से 27 जुलाई तक किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर में लगाई जायेगी। आयोजन के दौरान फोटो प्रदर्शनी के साथ-साथ गीत-नाटक दल द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन एवं जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण

**जबलपुर।** 11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत अशोका हॉल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विजय नगर में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूक बनाते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों, प्राथमिक उपचार एवं जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने भूकंप, अग्निकांड, बाढ़, विद्युत दुर्घटना सहित विभिन्न आपात स्थितियों में सुरक्षित निकासी, सीपीआर, प्राथमिक उपचार तथा अन्य जीवन रक्षक तकनीकों का प्रदर्शन किया। एनडीआरएफ मुख्यालय तथा 11वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर अनूप सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में निरीक्षक रेखा कुमारी ने विद्यार्थियों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाकर आपदा जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य आशिमा जॉन, मैनेजर अजय दुबे, एनडीआरएफ के सहायक उप-निरीक्षक जितेंद्र कुमार, जनरल वार्डन सिविल डिफेंस सुनील गर्ग, विद्यालय स्टाफ तथा एनडीआरएफ के अन्य बचावकर्मी उपस्थित रहे।

# खाताधारकों को जागरूक करेंगे तो सायबर से सुरक्षा सुदृढ रहेगी

साइबर सुरक्षा को लेकर एसपी ने ली बैंक अधिकारियों की बैठक




**नवभारत,जबलपुर।** सायबर से सुरक्षा के लिए जागरूक करने जिम्मेदारी पुलिस के साथ साथ आपकी भी है, यदि आप जागरूक रहेंगे एवं अपने खाताधारकों को जागरूक करेंगे तो सायबर से सुरक्षा सुदृढ रहेगी।

अपने बैंक के खाताधारकों को वर्तमान में भय, लालच देकर किये जा रहे ऑन लाईन फ्राड, के सम्बंध में जानकारी देते हुये जगरूक करें ताकि लोग ऑनलाईन फ्राड या सायबर अपराध का शिकार न हो सकें। सुरक्षा, सजग रहते हुये धोखाधडी से बचा जा सकता है। यह बातें पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने सायबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने बैंक अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहीं। आगे उन्हों कहा कि पुलिस द्वारा सायबर अपराध के सम्बंध में जागरूता के लिए स्कूल, कालेज शैक्षणिक संस्थानों, कालोनी, बस्ती, बाजार, बस स्टैण्ड आदि भीड़भाड़ वाली जगहों पर बैनर पोस्टर लगाते हुये सायबर अपराधों के बारे मे जानकारी देते हुये लगातार जागरूक किया जा रहा है।

किसी भी प्रकार की सायबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर संपर्क करें या तत्काल सम्बंधित थाने व सायबर सेल में सूचना दे। बैठक में एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी, नगर पुलिस पुलिस अधीक्षक बरगी उपुअ सायबर सेल अंजुल अयंक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट उपुअ अपराध उदय भान बागरी, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष साहू एवं थाना प्रभारी तथा विभिन्न बैंकों के 130 बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में वित्तीय जागरूकता और प्रबंधन पर सेमिनार

**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, जबलपुर में 23 जुलाई 2026 को 'वित्तीय जागरूकता एवं प्रबंधन' विषय पर महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक सेमिनार आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में वित्तीय प्रबंधन, वर्तमान बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी तथा सुरक्षित बैंकिंग व्यवहार के प्रति जागरूकता विकसित करना था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) तुलाराम चौक शाखा, जबलपुर से पधारे विशेषज्ञ अनुराग मिश्रा, राहुल पटेल, सौरभ वर्मा, असीन जैन और लक्ष्मण शिवड़ेकर ने बैंकिंग सेवाओं के प्रभावी उपयोग, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, निवेश और बचत की आधारभूत जानकारी प्रदान की। सेमिनार का संचालन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि चौरसिया के समन्वय में किया गया।




### एसबीआई विशेषज्ञों ने दिए सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग टिप्स

विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की वित्तीय जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलम अग्रवाल ने एसबीआई टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सी. एस. गुजराल, मीना गुप्ता, वैशाली जैन, डॉ. हेमलता ठाकुर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## भगवान की महिमा का गान ही है श्रीमद्भागवत : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद

**नवभारत, जबलपुर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जहाँ द्वितीय दिवस पर आज श्रीमद्भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने भगवान के सत्-चित्-आनंद के स्वरूप को निरूपित किया तथा यह बतलाया कि भगवान की महिमा का गायन ही श्रीमद्भागवत है, जिसके श्रवण करने मात्र से प्राणी का कल्याण होता है और भगवत् प्राप्ति होती है। इस अवसर पर व्यास पीठ एवं श्रीमद्भागवत का पूजन किया गया, जिसमें बालकृष्ण, नीता पटेल, संजय मिश्रा, डॉ. के राजगोपाल, पदमा मेनन, अमित, प्रतीक्षा सिंह, सिद्धार्थ, शिवी तिवारी, नीरज, वर्षा साहू, वंदना, नंदकिशोर ठाकुर, हेमंत, रिचा मिश्रा, गोविंदा, प्रीति साहू, प्रीति, राजेश अग्रवाल और मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

# कृषि अधिकारियों ने फसल प्रदर्शन एवं प्राकृतिक खेती का लिया जायजा



**जबलपुर।** जिले में कृषि की उन्नत तकनीकों के उपयोग एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार कृषि अधिकारियों के दल ने गुरूवार को कुंडम विकासखंड में किसानों के खेतों पर पहुंचकर फसलों का जायजा लिया और जैविक खेती अपनाने के किसानों को प्रेरित किया। कृषि अधिकारियों के दल ने ग्राम लखनवारा में कृषक जय हिंद के कोदो प्रदर्शन तथा ग्राम टिकरिया के कृषक मनोज कुमार साहू के अरहर प्रदर्शन प्लॉटों का निरीक्षण किया तथा फसलों की वृद्धि एवं प्रबंधन का प्रत्यक्ष अवलोकन कर किसानों को समय पर फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। कृषि अधिकारियों ने बीआरसी सेंटर कुरगवां एवं बरखेड़ा का निरीक्षण कर जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क एवं नीमास्त्र जैसे प्राकृतिक एवं जैविक कृषि आदानों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। अधिकारियों ने किसानों को जानकारी दी कि इन जैविक आदानों के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग में कमी आएगी। इससे भूमि की उर्वरता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे खेती अधिक टिकाऊ, कम लागत वाली और लाभकारी बनेगी।



## आईएफएमएस से देयकों के आहरण की प्रक्रिया एवं लॉगिन पासवर्ड की सुरक्षा पर दिया गया प्रशिक्षण

**जबलपुर।** आईएफएमएस सिस्टम से देयकों के आहरण की प्रक्रिया एवं लॉगिन पासवर्ड की सुरक्षा को लेकर गुरूवार को जिला कोषालय द्वारा जिले के सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान के आदि शंकराचार्य ऑडिटोरियम में संपन्न हुए इस प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी साकेत जैन, अतिरिक्त कोषालय अधिकारी नवीन बारेकर एवं सिस्टम मैनेजर राजेश कुमार गुप्ता द्वारा आईएफएमएस सिस्टम पर देयक से संबंधित सही लेखा शीर्ष का चयन, स्वीकृति आदेश में भुगतान संबंधी पूर्ण विवरण, कोषालय संहिता 2020 में निहित आदेश एवं नियम निर्देशों की जानकारी भी आहरण संवितरण अधिकारियों को दी गई। इसके साथ ही जीपीएफ एवं डीपीएफ के ऑनलाइन अंतिम भुगतान की प्रक्रिया, अवकाश नियम 2025, जीआईएस की पेंशन पोर्टल पर गणना आदि से संबंधित विषयों पर आहरण एव संवितरण अधिकारियों एवं उनके सहयोगी स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यकम में जिला कोषालय के सभी सहायक कोषालय अधिकारी भी मौजूद थे।

**नाम /जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं अच्छे लाल पिता समनू लाल साहू उम्र 78 वर्ष पोस्ट हवलदार सर्विस नंबर 10388453F निवासी ग्राम पिपरिया कालोनी तहसील मझौली जिला जबलपुर म.प्र. पिन 483336 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अंकसूची में उनका नाम सीमा साहू SEEMA SAHU.एवं उसकी जन्म तिथि 07/08/1988 दर्ज हैं जो सही है जबकि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम सीमा साहू SIMA SAHU एवं उसकी जन्मतिथि 07/06/1988 दर्ज है जो गलत हैं। यह कि मेरी पुत्री का सही नाम एवं सही जन्मतिथि उनके आधारकार्ड, पेनकार्ड एवं अंकसूची के आधार पर सीमा साहू SEEMA SAHU एवं उसकी सही जन्मतिथि 07/08/1988 दर्ज की जावे। जिस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथपत्र नंबर- DN 109732

गलत नाम/ जन्मतिथि-
SIMA SAHU- 07.06.1988
सही नाम/ जन्मतिथि-
SEEMA SAHU- 07.08.1988

# व्हीकल फैक्ट्री के सहयोग से 400 क्षय रोगियों को मिला पोषण आहार

**जबलपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के सहयोग से 400 जरूरतमंद क्षय (टीबी) उपचाररत रोगियों को फूड बास्केट (पोषण आहार) वितरित किए गए हैं। फूड बास्केट का वितरण शासकीय चिकित्सालय रांझी, केंट चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किये गये। मेडिकल कॉलेज के सभागार में फूड बास्केट वितरण के आज गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के महाप्रबंधक रामेश्वर मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सभी सात अर्बन ट्यूबरकुलोसिस यूनिट जिला क्षय केंद्र, मेडिकल कॉलेज, कैंट, रांझी, मनमोहन नगर, मोतीनाला एवं हाथीताल टीयू के उपचाररत जरूरतमंद




मरीजों को पोषण आहार किट प्रदान की गई। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान में सक्रिय सहयोग कर रही है। इसी सहयोग के परिणामस्वरूप विगत वर्ष से अब तक जिले में 1953 फूड बास्केट वितरित किए जा चुके हैं, जिससे टीबी मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण सहायता मिल रही है।

मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के महाप्रबंधक ने भविष्य में भी क्षय रोगियों के लिए हरसंभव सहयोग जारी रखने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक सहभागिता और संस्थागत सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. संतोष ठाकुर, श्री अमित दुबे, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, विभिन्न टीयू के प्रभारी अधिकारी एवं जिला क्षय उन्मूलन इकाई के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सीमान्त ढिमोले एवं व्हीकल फैक्ट्री के अमित सिंह ने किया। समापन पर कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

**नवभारत, कटनी।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास, उद्योगों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी अध्यक्षता में 24 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर(म.प्र.)

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्र ./उ.वि./2026-27/PRO-407 | दिनांक : 23/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_523225_1 | इंदिरा गांधी वार्ड अंतर्गत सीडीओ कॉलोनी में शिवशक्ति मंदिर के पास हाउस गार्डन का सौंदर्यीकरण कार्य। | 03 Month 13,42,749=00 | 10,100=00 2,000=00 | 26/08/2026 |
| 2 | 2026_UAD_523225_2 | संभाग क्र. 03 ग्वारीघाट वार्ड क्र.08 अंतर्गत खारीघाट रोड में साहेब टाउनशिप गार्डन का सौंदर्यीकरण कार्य। | 03 Month 13,54,404=00 | 10,200=00 2,000=00 | 26/08/2026 |
| 3 | 2026_UAD_523225_3 | शहीद गुलाब सिंह वार्ड अंतर्गत सैनिक सोसाइटी शक्ति नगर स्थित सुकून होम्स पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य। | 03 Month 4,20,994=00 | 4,210=00 2,000=00 | 26/08/2026 |
| 4 | 2026_UAD_523225_4 | गढ़ा वार्ड अंतर्गत गंगानगर स्थित राजुल सिटी पार्क का निर्माण कार्य। | 03 Month 29,92,975=00 | 22,500=00 5,000=00 | 26/08/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उद्यान अधिकारी
नगर पालिक निगम जबलपुर